राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

AKSHANSH PUBLICATION

RAS PSI

MODULE 6

MCQ +PYQ QUESTION BANK

नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित

अभिकथन- कारण, युग्म, सुमेलित, सत्य- असत्य प्रश्नों के पैटर्न पर

सारगर्भित प्रश्नोत्तरों का संकलन

RAS एवं PSI के विगत वर्षों के प्रश्न व्याख्या सहित संकलन

अर्थशास्त्रीय अवधारणाएँ एवं भारतीय अर्थव्यवस्था

राजस्थान की अर्थव्यवस्था

विशेषताएँ:

1. परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
2. नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का समावेशन
3. विगत वर्ष के प्रश्न-पत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रश्न

इरफान सर (RAS)

अक्षांश पब्लिकेशन
M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur

AKSHANSH

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

RAS PSI

MODULE 6

MCQ + PYQ QUESTION BANK

RAS एवं PSI के विगत वर्षों के प्रश्न व्याख्या सहित संकलन

अर्थशास्त्रीय अवधारणाएँ एवं भारतीय अर्थव्यवस्था

राजस्थान की अर्थव्यवस्था

"अक्षांश प्रकाशन की समस्त पुस्तकें लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अक्षांश प्रकाशन की समर्पित टीम के सहयोग से तैयार की गई हैं।"

संपादक

इरफान सर (RAS)

सह संपादक

गंगासिंह, अनोपचंद मंडा

सुमेर, पप्पाराम

प्रकाशन

अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)

नोट :- अब लक्ष्य क्लासेज़ की सभी आगामी पुस्तकें केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएंगी। ये सभी पुस्तकें बाजार में 'अक्षांश' नाम से ही उपलब्ध होंगी। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी समय में 'लक्ष्य' नाम से कोई भी पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसलिए कृपया पुस्तक खरीदते समय केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के नाम से प्रकाशित और अधिकृत पुस्तकें ही बुक स्टोर्स से प्राप्त करें, ताकि आपको प्रमाणिक, अद्यतन एवं परीक्षा-उपयुक्त सामग्री प्राप्त हो।भविष्य में 'लक्ष्य' नाम से प्रकाशित किसी भी पुस्तक की सामग्री या गुणवत्ता की जिम्मेदारी 'अक्षांश प्रकाशन' या 'लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर' की नहीं होगी।

प्रकाशन

अक्षांश प्रकाशन

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे

TELEGRAM | INSTAGRAM | YOUTUBE | FACEBOOK | WHATSAPP

बुक कोड - AP0143

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
lakshyaclassesudr@gmail.com
मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर M. 9079798005, 6376491126
योगिता बुक हाऊस, जयपुर M. 6350252387, 8432478146
खण्डेलवाल बुक कंपनी, जयपुर M. 8619587048, 9782611527
Chavi Stationary, जयपुर M. 8058470323, 9680946800
पायल बुक हाऊस, जयपुर M. 8824962419, 7296876820
Diligent, उदयपुर M. 9694575381

इस पुस्तक में दी गई सभी जानकारियाँ, तथ्य और सूचनाएँ सावधानीपूर्वक सत्यापित की गई हैं। फिर भी यदि किसी जानकारी या तथ्य में कोई त्रुटि रह गई हो, तो उसके लिए प्रकाशक, संपादक या मुद्रक जिम्मेदार नहीं होंगे।

हमारा विश्वास है कि इस पुस्तक की सामग्री लेखकों द्वारा मौलिक रूप से तैयार की गई है। यदि किसी प्रकार का कॉपीराइट उल्लंघन सामने आता है, तो उसकी जिम्मेदारी प्रकाशक की नहीं होगी।

सभी विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक क्षेत्र उदयपुर रहेगा।

अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

विषय वस्तु

01 भारतीय अर्थव्यवस्था

क्र. सं.	अध्याय	RAS	SI	पृष्ठ संख्या
1.	बजट निर्माण एवं बैंकिंग	✓	✓	1-4
2.	लोक वित्त, वस्तु एवं सेवा कर	✓	✓	5-8
3.	राष्ट्रीय आय, संवृद्धि एवं विकास का आधारभूत ज्ञान	✓	✓	9-12
4.	लेखांकन-अवधारणा, उपकरण एवं प्रशासन में उपयोग	✓	✓	13-16
5.	स्टॉक एक्सचेंज एवं शेयर बाजार	✗	✓	17-20
6.	राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियाँ	✓	✓	21-23
7.	सब्सिडी, लोक वितरण प्रणाली, ई-कॉमर्स	✗	✓	24-28
8.	मुद्रास्फीति-अवधारणा, प्रभाव एवं नियंत्रण तंत्र	✓	✓	29-32
9.	पंचवर्षीय योजना – लक्ष्य, रणनीति एवं उपलब्धियाँ	✓	✓	33-37
10.	अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र – कृषि, उद्योग, सेवा एवं व्यापार, वर्तमान स्थिति, मुद्दे एवं पहल	✓	✓	38-50
11.	प्रमुख आर्थिक समस्याएँ एवं सरकार की पहल, आर्थिक सुधार एवं उदारीकरण	✓	✓	51-53
12.	मानव विकास सूचकांक	✓	✓	54-56
13.	गरीबी एवं गेरोजगारी अवधारणा	✗	✓	57-60
14.	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता : कमजोर वर्गों के लिए प्रावधान	✓	✓	61-62
15.	राजकोषीय संघवाद, केंन्द्र राज्य संबंध और वित्त आयोग	✓	✗	63-66
16.	निजीकरण और वैश्वीकरण	✓	✗	67-69
17.	ऊर्जा, परिवहन और संचार	✓	✗	70-73
18.	कौशल विकास, और रोजगार संवर्धन, कार्यक्रम और नीतियाँ	✓	✓	74-77
19.	RAS विगत वर्षों के प्रश्न - पत्र	✓	✗	78-84
20.	SI विगत वर्षों के प्रश्न - पत्र	✗	✓	85-92

02 राजस्थान की अर्थव्यवस्था

क्र. सं.	अध्याय	RAS	SI	पृष्ठ संख्या
1.	अर्थव्यवस्था का परिचय एवं बजट	✓	✓	1-3
2.	कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र	✓	✓	4-7
3.	संवृद्धि, विकास, आधारभूत संरचना	✓	✓	8-10
4.	प्रमुख विकास परियोजनाएँ	✓	✓	11-13
5.	कार्यक्रम एवं योजनाएँ	✓	✓	14-16
6.	राज्य वित्त आयोग	✓	✗	17-19
7.	ग्रामीण विकास	✓	✗	20-22
8.	शिक्षा	✓	✓	23-25
9.	संसाधन	✓	✓	26-28
10.	स्वास्थ्य	✓	✓	29-31
11.	RAS विगत वर्षों के प्रश्न - पत्र	✓	✗	32-39
12.	SI विगत वर्षों के प्रश्न – पत्र	✗	✓	40-46

❑❑❑❑

भारत की अर्थव्यवस्था

1. भारतीय बजट के इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. स्वतंत्र भारत का पहला बजट आर. के. शनमुखम चेट्टी द्वारा 26 नवंबर, 1947 को पेश किया गया था।
2. वर्ष 2017 में रेल बजट को केंद्रीय बजट में मिला दिया गया और बजट प्रस्तुति की तिथि को बदलकर 1 फरवरी कर दिया गया।
3. वित्तीय वर्ष 2020-21 का बजट भारत के इतिहास में पूरी तरह से पहला पेपरलेस (कागजरहित) बजट था।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. बजट और संवैधानिक प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
कथन 1: भारतीय संविधान में सीधे तौर पर 'बजट' शब्द का उल्लेख नहीं है, बल्कि इसके स्थान पर 'वार्षिक वित्तीय विवरण' शब्द का प्रयोग किया गया है।
कथन 2: संसद की मंजूरी के बिना भारत की संचित निधि (Consolidated Fund of India) से कोई भी पैसा खर्च नहीं किया जा सकता है।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

3. बजट की वह प्रक्रिया जिसमें किसी मद पर गत वर्ष खर्च किए गए खर्च को शून्य मानकर नए सिरे से बजट आवंटन किया जाता है, कहलाता है-
(a) आउटकम बजट (b) शून्य आधारित बजट
(c) निष्पादन बजट (d) संतुलित बजट

4. आर्थिक सर्वेक्षण (Economic Survey) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. आर्थिक सर्वेक्षण पिछले वित्त वर्ष में सरकार की उपलब्धियों को बताने वाला एक दस्तावेज होता है।
2. इसे बजट के ठीक एक दिन बाद संसद में पेश किया जाता है।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. जब सरकार की आय उसके व्यय से अधिक होती है, तो उसे बजट अधिशेष कहा जाता है।
2. जब सरकार की राजस्व प्राप्तियाँ राजस्व व्यय से कम होती हैं, तो उसे राजस्व घाटा कहा जाता है।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

6. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है:
अभिकथन (A): सरकारी व्यय में रिसाव (leakage) को रोकना और सरकारी ऋण का बेहतर प्रबंधन करना राजकोषीय समेकन (Fiscal Consolidation) के प्रमुख उपाय हैं।
कारण (R): राजकोषीय समेकन का मुख्य उद्देश्य राजकोषीय घाटे को कम करना और सरकार की प्राप्तियों (revenue/receipts) में वृद्धि करना होता है।
नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए:
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या:- है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या:- नहीं है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

7. वित्त विधेयक के संदर्भ में सत्य कथन है:-
I. इसके माध्यम से सरकार के आय के साधनों को संसद अपनी अनुमति देती है।
II. वित्त विधेयक अधिकतम 90 दिनों में पारित हो जाना चाहिए।
कूट:-
(a) केवल I (b) केवल II
(c) I और II दोनों (d) न तो I और न तो II

8. बजट प्रक्रिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
कथन 1: विनियोग विधेयक (अनुच्छेद 114) सरकार को भारत की संचित निधि से धन निकालने की अनुमति देता है।
कथन 2: वित्त विधेयक (अनुच्छेद 110) बजट के आखिरी चरण में आता है, जिसमें टैक्स (कर) बदलने की बात होती है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

9. सरकारी बजट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
कथन 1: राजस्व प्राप्तियाँ (Revenue Receipts) सरकार की ऐसी नियमित आय हैं जिससे न तो कोई देयता (liability) बढ़ती है और न ही सरकारी संपत्ति कम होती है।
कथन 2: राजस्व व्यय (Revenue Expenditure) वह खर्च होता है जो सरकार केवल नई संपत्तियां बनाने के लिए करती है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

10. पूंजीगत बजट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
कथन 1: पूंजीगत प्राप्तियों (Capital Receipts) से या तो सरकार की देयता (liability) बढ़ती है या फिर उसकी संपत्ति घटती है।
कथन 2: पुराने ऋण (कर्ज) की अदायगी करना पूंजीगत व्यय (Capital Expenditure) का हिस्सा नहीं होता है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

11. राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
कथन 1: यह अधिनियम संसद द्वारा वर्ष 2003 में पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य राजकोषीय अनुशासन को बढ़ाना है।
कथन 2: इस अधिनियम के तहत केंद्र सरकार के लिए बजट के साथ केवल 2 दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

12. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. रिज़र्व बैंक का प्रधान कार्यालय शुरुआत से ही मुम्बई में स्थित है।
2. रिज़र्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को हुई थी।
3. यह भारत का केंद्रीय बैंक है जो देश में नोट छापने का काम करता है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

13. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के कार्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. RBI देश में क्रेडिट (साख) को नियंत्रित करने और विदेशी मुद्रा भंडार को संभालने का काम करता है।
2. RBI ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए सीधे किसानों के बैंक खातों में पैसा भेजता है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

14. नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं, एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R) है। इन कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें–
कथन (A): सभी वस्तुओं और सेवाओं की कीमत को मुद्रा (पैसे) के रूप में मापा जा सकता है।
कारण (R): मुद्रा का एक मुख्य कार्य मूल्य का मापन करना है।
विकल्प:
(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या:- है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या:- नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

15. बैंकिंग व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
कथन 1: वाणिज्यिक बैंक, अन्य वित्तीय संस्थाओं से अलग होते हैं क्योंकि ये माँग जमा (Demand Deposits) और समय जमा (Time Deposits) दोनों स्वीकार कर सकते हैं।
कथन 2: बैंक की 'माँग जमा' के अंतर्गत केवल फिक्स डिपॉजिट (FD) और रिकरिंग डिपॉजिट (RD) शामिल होते हैं।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

16. भारतीय बैंकिंग के इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
कथन 1: भारत सरकार ने वर्ष 1955 में इम्पीरियल बैंक का अधिग्रहण करके भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की स्थापना की थी।
कथन 2: वर्ष 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पहले दौर में 6 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

17. बैंक से लिए किसी ऋण की किशत कितने दिनों तक नहीं भरने पर वह गैर-निष्पादित परिसंपत्ति कहलाती है?
(a) 30 दिन (b) 45 दिन
(c) 90 दिन (d) 60 दिन

18. अरविन्द मायाराम समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
कथन 1: इस समिति का गठन भारत सरकार द्वारा विदेशी निवेश (Foreign Investment) के वर्गीकरण में भ्रम को दूर करने के लिए किया गया था।
कथन 2: समिति की सिफारिश के अनुसार, किसी सूचीबद्ध कंपनी में 10% से कम का निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) माना जाएगा।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

19. बैंकिंग सुधार हेतु गठित 'नरसिम्हन समिति' की सिफारिशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
कथन 1: समिति ने बैंकों की जोखिम वहन क्षमता को बढ़ाने के लिए पूँजी पर्याप्तता अनुपात (CRAR) को बढ़ाकर 10% करने की सिफारिश की थी।
कथन 2: समिति के अनुसार, प्राथमिक क्षेत्र (Priority Sector) में बैंकों की ऋण बाध्यता को तुरंत प्रभाव से एक ही बार में पूरी तरह समाप्त कर दिया जाना चाहिए था।
कथन 3: समिति ने देश में त्रिस्तरीय बैंकिंग प्रणाली (Three-tier banking system) के विकास का सुझाव दिया था।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3 सभी

20. नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं, एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R) है। इन कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें–
कथन (A): स्वतंत्रता के बाद भारत में बैंकों का राष्ट्रीयकरण करना जरूरी था।
कारण (R): निजी बैंक केवल बड़े उद्योगों और व्यापारिक संस्थाओं को पैसा देते थे, जिससे छोटे उद्योगों और कृषि क्षेत्र को मदद नहीं मिल पा रही थी।
विकल्प:
(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या:- है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या:- नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

उत्तर सहित व्याख्या

1. [a]

व्याख्या:-
- स्वतंत्र भारत का पहला बजट आर. के. शनमुखम चेट्टी ने 26 नवंबर, 1947 को ही पेश किया था।
- वर्ष 2017 में दो बड़े बदलाव किए गए थे–पहला, रेल बजट को केंद्रीय बजट में मिला दिया गया और दूसरा, नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले इसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए बजट पेश करने की तारीख 1 फरवरी कर दी गई।
- भारत के इतिहास में पहला पूरी तरह से पेपरलेस (कागजरहित) बजट वित्तीय वर्ष **2021-22** का था, न कि 2020-21 का।

2. [c]

व्याख्या:-
- संविधान के अनुच्छेद-112 के तहत बजट को 'वार्षिक वित्तीय विवरण' कहा गया है।
- अनुच्छेद-266 के अनुसार, भारत की संचित निधि से कोई भी राशि निकालने या खर्च करने के लिए संसद की अनुमति अनिवार्य है।

3. [b]

व्याख्या:-
- शून्य आधारित बजट (Zero-Based Budgeting): इस प्रक्रिया में हर नए वित्तीय वर्ष के लिए पिछले वर्षों के खर्चों को आधार नहीं बनाया जाता, बल्कि उसे शून्य मानकर नए सिरे से प्रत्येक मद के आवंटन और औचित्य का निर्धारण किया जाता है।
- आउटकम बजट (Outcome Budget): इसमें केवल खर्च को नहीं, बल्कि उस खर्च से हासिल होने वाले वास्तविक परिणामों (outcomes) को मापा जाता है।
- निष्पादन बजट (Performance Budget): यह बजट कार्यों, गतिविधियों और परियोजनाओं के परिणामों और उनके प्रदर्शन पर आधारित होता है।
- संतुलित बजट (Balanced Budget): ऐसा बजट जिसमें सरकार की अनुमानित आय और अनुमानित खर्च दोनों आपस में बराबर होते हैं।

4. [a]

व्याख्या:-
- **कथन 1 सही है:** आर्थिक सर्वेक्षण सरकार की पिछले वित्त वर्ष की आर्थिक स्थिति और उपलब्धियों का लेखा-जोखा होता है। उदाहरण के लिए, बजट 2025-26 के साथ आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 जारी किया जाता है।
- **कथन 2 गलत है:** स्थापित परंपरा के अनुसार, आर्थिक सर्वेक्षण को बजट पेश होने से **एक दिन पहले** संसद में पेश किया जाता है, न कि बजट के बाद।
- **अतिरिक्त जानकारी:** आर्थिक सर्वेक्षण को वित्त मंत्रालय के अधीन आर्थिक मामलों के विभाग (Department of Economic Affairs) के मुख्य आर्थिक सलाहकार (Chief Economic Advisor) के मार्गदर्शन में तैयार किया जाता है।

5. [c]

व्याख्या:-
- पहला कथन सही है क्योंकि जब सरकार की कुल आय उसके कुल व्यय से अधिक होती है, तो उसे बजट अधिशेष (Budget Surplus) कहा जाता है।
- दूसरा कथन भी सही है क्योंकि जब सरकार की राजस्व प्राप्तियाँ उसके राजस्व व्यय से कम होती हैं, तब राजस्व घाटा (Revenue Deficit) उत्पन्न होता है।

सूत्र:
- राजस्व घाटा=राजस्व व्यय−राजस्व प्राप्ति

6. [b]

व्याख्या:-
- **अभिकथन (A) सही है:** छवि के अनुसार, सरकारी व्यय में रिसाव को रोकना, सरकारी व्यय का युक्तिकरण करना और सरकारी ऋण का बेहतर प्रबंधन करना राजकोषीय समेकन/सुधार के अंतर्गत आने वाले महत्वपूर्ण उपाय हैं।
- **कारण (R) भी सही है:** राजकोषीय घाटे को कम करना और सरकार की प्राप्तियों में वृद्धि करना भी राजकोषीय समेकन की परिभाषा और उपायों का ही हिस्सा है।
- **व्याख्या:- का संबंध:** दोनों कथन स्वतंत्र रूप से पूरी तरह सही हैं और राजकोषीय समेकन के विभिन्न उपायों को दर्शाते हैं। हालांकि, कारण (R) सीधे तौर पर यह स्पष्ट नहीं करता कि अभिकथन (A) में दिए गए उपायों को क्यों अपनाया जाता है, इसलिए यह उसकी सही व्याख्या:- नहीं है।

7. [a]

व्याख्या:-
- वित्त विधेयक (Finance Bill) वह मुख्य विधेयक है जिसे सरकार द्वारा वार्षिक बजट पेश करने के तुरंत बाद विधानमंडल या संसद में प्रस्तुत किया जाता है। इसके माध्यम से संसद, सरकार द्वारा प्रस्तावित करों (taxation) को लगाने, कर की दरों में संशोधन या राजस्व संग्रह करने के आय-संबंधी साधनों को अपनी अनुमति प्रदान करती है।
- वित्त विधेयक को 90 दिनों में पारित करने की कोई अनिवार्य संवैधानिक समय-सीमा नहीं है। इसके बजाय, 'अनंतिम कर संग्रह अधिनियम, 1931' (Provisional Collection of Taxes Act) के तहत यह नियम है कि वित्त विधेयक को पेश किए जाने की तारीख से **75 दिनों के भीतर** संसद द्वारा पारित और राष्ट्रपति द्वारा स्वीकृत हो जाना अनिवार्य है, अन्यथा नए कर प्रस्ताव निरस्त हो जाते हैं।

8. [c]

व्याख्या:-
- विनियोग विधेयक सरकार को संचित निधि से पैसा निकालने का अधिकार देता है।
- वित्त विधेयक बजट के अंतिम चरण में लाया जाता है और इसमें टैक्स से जुड़े बदलाव होते हैं।

9. [a]

व्याख्या:-
- राजस्व प्राप्तियाँ सरकार की नियमित आय होती हैं। इनसे न तो कोई देनदारी बढ़ती है और न ही सरकारी संपत्ति में कोई कमी आती है। इन्हें गैर-प्रतिदेय (non-redeemable) भी कहते हैं।
- राजस्व व्यय वह खर्च होता है जो सरकार अपना **रोज़मर्रा का कार्य चलाने के लिए** करती है, न कि नई संपत्तियां बनाने के लिए।

10. [a]

व्याख्या:-
- पूंजीगत प्राप्तियाँ वह धन है जो ऋण लेने या संपत्ति (जैसे विनिवेश) बेचने से मिलता है। इससे सरकार पर देनदारी बढ़ती है या संपत्ति कम होती है।
- पूंजीगत व्यय में **ऋण की अदायगी भी शामिल होती है**। कर्ज चुकाने से सरकार की देयता (liability) कम होती है।

11. [a]

व्याख्या:-

◈ FRBM अधिनियम संसद द्वारा 2003 में पारित हुआ था। इसका मुख्य उद्देश्य राजकोषीय अनुशासन को बढ़ाना और पारदर्शिता लाना है।

◈ केंद्र सरकार के लिए बजट के साथ **3 दस्तावेज** (मैक्रोइकोनॉमिक फ्रेमवर्क स्टेटमेंट, राजकोषीय नीति रणनीति विवरण और मध्यम अवधि राजकोषीय नीति विवरण) प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

12. [b]

व्याख्या:-

◈ जब 1935 में रिज़र्व बैंक बना था, तब इसका प्रधान कार्यालय **कोलकाता** (कैलकटा) में था। इसे साल 1937 में हमेशा के लिए **मुम्बई** बदला गया था। इसलिए पहला कथन गलत है।

◈ भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना **1 अप्रैल, 1935** को रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट, 1934 के तहत हुई थी।

◈ RBI भारत का **केंद्रीय बैंक** है। इसे 'बैंकों का बैंक' भी कहते हैं। देश में मुद्रा (नोट) जारी करने का मुख्य अधिकार इसी के पास है।

13. [a]

व्याख्या:-

◈ भारतीय रिज़र्व बैंक देश की अर्थव्यवस्था में पैसों के बहाव को नियंत्रित करता है (क्रेडिट नियंत्रक)। इसके साथ ही भारत का पूरा विदेशी मुद्रा भंडार भी RBI की देखरेख में सुरक्षित रहता है।

◈ RBI एक केंद्रीय बैंक है और यह आम जनता या किसानों के साथ सीधे लेनदेन नहीं करता है। किसानों को खेती के लिए कर्ज देने का काम व्यावसायिक बैंक, सहकारी बैंक और ग्रामीण बैंक करते हैं, जिन्हें **नाबार्ड (NABARD)** जैसी संस्थाएं पैसा देती हैं।

14. [a]

व्याख्या:-

◈ मुद्रा का कार्य 'मूल्य का मापन' है। इसी कारण हम सभी वस्तुओं और सेवाओं की कीमत को पैसों में तय कर पाते हैं। इसलिए कथन और कारण दोनों सही हैं।

15. [a]

व्याख्या:-

◈ बैंक अन्य वित्तीय संस्थाओं से इस मामले में अलग हैं कि ये माँग और समय जमा दोनों स्वीकार कर सकते हैं। अन्य संस्थाएँ केवल समय जमा स्वीकार करती हैं।

◈ फिक्स डिपॉजिट और रिकरिंग डिपॉजिट **'समय जमा'** (Time Deposits) का हिस्सा हैं। वहीं सेविंग अकाउंट और करंट अकाउंट **'माँग जमा'** (Demand Deposits) के अंतर्गत आते हैं।

16. [a]

व्याख्या:-

◈ सर्वप्रथम भारत सरकार ने इम्पीरियल बैंक का अधिग्रहण किया था। इसके बाद वर्ष 1955 में भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना की गई।

◈ वर्ष 1969 में पहले दौर के तहत **14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण** किया गया था, न कि 6 बैंकों का। 6 बैंकों का राष्ट्रीयकरण वर्ष 1980 में दूसरे दौर के तहत हुआ था।

17. [c]

व्याख्या:-

◈ रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार, अगर किसी बैंक लोन की किश्त या ब्याज **90 दिनों** (3 महीने) तक नहीं चुकाया जाता है, तो बैंक उसे गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (Non-Performing Asset - NPA) मान लेता है।

18. [a]

व्याख्या:-

◈ भारत सरकार ने विदेशी निवेश में भ्रम दूर करने के लिए साल 2013 में अरविन्द मायाराम की अध्यक्षता में इस समिति का गठन किया था। समिति ने सिफारिश की थी कि 10% या उससे अधिक का निवेश FDI माना जाएगा, जबकि **10% से कम का निवेश FII/FPI (विदेशी पोर्टफोलियो निवेश)** कहलाएगा।

19. [c]

व्याख्या:-

◈ समिति ने पूँजी पर्याप्तता अनुपात (CRAR) को 10% करने की सिफारिश की थी।

◈ प्राथमिक क्षेत्र में ऋण की बाध्यता को 'तुरंत' नहीं, बल्कि **चरणबद्ध तरीके से (step-by-step)** समाप्त करने की बात कही गई थी।

◈ समिति ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर, राष्ट्रीय स्तर और ग्रामीण स्तर के बैंकों को मिलाकर एक त्रिस्तरीय बैंकिंग प्रणाली के विकास की सिफारिश की थी।

20. [a]

व्याख्या:-

◈ निजी बैंक सिर्फ बड़े उद्योगों तक सीमित थे। छोटे उद्योगों, खेती और गांवों तक बैंकिंग सेवा पहुंचाने के लिए ही राष्ट्रीयकरण किया गया था, इसलिए कथन और कारण दोनों सही हैं।

♦♦♦♦

राजस्थान की अर्थव्यवस्था

1. **राजस्थान की अर्थव्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
1. राज्य की लगभग 62% जनसंख्या कृषि एवं संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है।
2. वर्ष 2024-25 में राज्य का कुल खाद्यान्न उत्पादन लगभग 267.67 लाख टन रहा।
3. राजस्थान में धान राज्य की सर्वाधिक उत्पादित खाद्यान्न फसल है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
1. राजस्थान देश का सबसे बड़ा उत्पादक चूना पत्थर, जस्ता तथा सीसा है।
2. राजस्थान की खनिज संपदा का राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) में महत्वपूर्ण योगदान है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनो (d) न तो 1, न ही 2

3. **सूची-I को सूची-II से मिलान कीजिए-**

सूची-I (क्षेत्र)	सूची-II (विशेषता)
A. कृषि	1. 62% जनसंख्या निर्भर
B. पर्यटन	2. 23 करोड़ घरेलू पर्यटक (2024-25)
C. नवीकरणीय ऊर्जा	3. 22,676 MW स्थापित सौर क्षमता
D. उद्योग	4. सामान्य औद्योगिक सूचकांक 157.31

सही मिलान का चयन कीजिए—
(a) A-1, B-2, C-3, D-4 (b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-1, B-3, C-2, D-4 (d) A-4, B-2, C-1, D-3

4. **निम्नलिखित कथन एवं कारण पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए विकल्प से सही उत्तर का चयन कीजिए –**
कथन (A): राजस्थान की कृषि उत्पादन में वर्ष-दर-वर्ष अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है।
कारण (R): राज्य की कृषि का बड़ा भाग वर्षा पर निर्भर है।
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

5. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
1. राजस्थान का लगभग 61% क्षेत्र सूखा प्रभावित है।
2. राज्य के लगभग 60% क्षेत्र में भूजल संकट विद्यमान है।
3. राज्य की संपूर्ण कृषि सिंचाई आधारित है।
सही उत्तर चुनिए—
(a) केवल 1 और 2 सत्य हैं। `(b) केवल 2 और 3 सत्य हैं।
(c) केवल 1 और 3 सत्य हैं। (d) 1, 2 और 3 सत्य हैं।

6. **राजस्थान के औद्योगिक विकास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
1. वर्ष 2024-25 में औद्योगिक विकास दर 5.77% रही।
2. MSMEs को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता की कमी राज्य की प्रमुख समस्या है।
3. कपड़ा, सीमेंट तथा हस्तशिल्प उद्योग राज्य के प्रमुख उद्योगों में शामिल हैं।
`उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 3

7. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
1. राजस्थान में महिला साक्षरता दर 57.6% है।
2. राज्य का शिशु मृत्यु दर (IMR) 30 प्रति 1000 जीवित जन्म है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

8. **सूची-I को सूची-II से मिलान कीजिए-**

सूची-I (चुनौती)	सूची-II (योजना)
A. जल संकट	1. मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान
B. रोजगार	2. मुख्यमंत्री युवा संबल योजना
C. औद्योगिक विकास	3. राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (RIPS)
D. स्वास्थ्य	4. मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना

सही उत्तर चुनिए—
(a) A-1, B-2, C-3, D-4 (b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-3, B-4, C-1, D-2 (d) A-1, B-3, C-2, D-4

9. **निम्नलिखित कथन एवं कारण पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए विकल्प से सही उत्तर का चयन कीजिए –**
कथन (A): राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है।
कारण (R): राज्य में सौर एवं पवन ऊर्जा की पर्याप्त प्राकृतिक क्षमता उपलब्ध है।
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

10. **राजस्थान की अर्थव्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
1. पर्यटन क्षेत्र के विकास हेतु राज्य में नई नीतियों एवं आधारभूत संरचना का विकास किया जा रहा है।
2. राज्य में कौशल विकास की आवश्यकता आधुनिक उद्योगों की मांग के अनुरूप है।
3. राजस्थान की अर्थव्यवस्था पूर्णतः उद्योग आधारित है।
सही उत्तर चुनिए—
(a) केवल 2 और 3 सत्य हैं। (b) केवल 1 और 2 सत्य हैं।
(c) केवल 1 सत्य है। (d) 1, 2 और 3 सत्य हैं।

11. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
1. राजस्व प्राप्तियाँ ऐसी प्राप्तियाँ हैं जिनसे सरकार पर कोई ऋण दायित्व उत्पन्न नहीं होता।
2. पूंजीगत प्राप्तियों में परिसंपत्तियों का विनिवेश तथा ऋणों की वसूली सम्मिलित होती है।
3. SGST राजस्थान सरकार के गैर-कर राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—
1. राजस्व व्यय से नई परिसंपत्ति का निर्माण नहीं होता।
2. सड़क, पुल एवं सिंचाई परियोजनाओं पर किया गया व्यय पूंजीगत व्यय कहलाता है।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) 1 और 2 दोनों
(c) केवल 2 (d) न तो 1, न ही 2

13. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए—

सूची-I	सूची-II
A. राजस्व घाटा	1. राजकोषीय घाटा – ब्याज भुगतान
B. प्राथमिक घाटा	2. कुल आय > कुल व्यय
C. बजट अधिशेष	3. राजस्व व्यय > राजस्व प्राप्तियाँ
D. पूंजीगत व्यय	4. स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण

नीचे दिए गए कूट का सही उत्तर चुनिए—
(a) A-3, B-1, C-2, D-4 (b) A-2, B-3, C-4, D-1
(c) A-1, B-4, C-3, D-2 (d) A-4, B-2, C-1, D-3

14. कथन (A) एवं कारण (R) पर विचार कीजिए—
कथन (A): राजस्थान सरकार FRBM अधिनियम के प्रावधानों का पालन करते हुए बजट तैयार करती है।
कारण (R): FRBM अधिनियम का उद्देश्य वित्तीय अनुशासन बनाए रखना तथा राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करना है।
नीचे दिए गए कूट का चयन कीजिए—
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

15. निम्नलिखित में से सत्य/असत्य का सही विकल्प चुनिए—
1. राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2025–26 पहली बार 13 विषयगत अध्यायों में प्रस्तुत की गई।
2. आर्थिक समीक्षा 2025–26 के अनुसार सेवा क्षेत्र का GSVA में योगदान 47.7% है।
(a) दोनों असत्य (b) पहला सत्य, दूसरा असत्य
(c) पहला असत्य, दूसरा सत्य (d) दोनों सत्य

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—
1. राजस्थान बजट 2026–27 का कुल बजट आकार ₹6.11 लाख करोड़ है।
2. वित्तीय वर्ष 2026–27 में राजकोषीय घाटा GSDP का 3.69% अनुमानित है।
3. बजट 2026–27 में प्राथमिक घाटा ₹79,493 करोड़ है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

17. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

योजना/कार्यक्रम	उद्देश्य
1. Raj-AIMS	AI आधारित डिजिटल कृषि मिशन
2. Raj-GIFT	GI टैग एवं बाजार विस्तार
3. RAJ-SURAKSHA	मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम
4. Raj-MAMTA	आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली

सही उत्तर चुनिए—
(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2, 3 और 4

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—
1. राजस्थान में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है।
2. राज्य का बजट विधानसभा में राज्यपाल द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 2 (b) केवल 1
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

19. कथन (A) एवं कारण (R) पर विचार कीजिए—
कथन (A): राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय पहली बार ₹2 लाख से अधिक हुई है।
कारण (R): आर्थिक समीक्षा 2025–26 के अनुसार प्रचलित कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय ₹2,02,349 है।
नीचे दिए गए कूट का चयन कीजिए—
(a) A गलत है, R सही है।
(b) A और R दोनों गलत हैं।
(c) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(d) A सही है, R गलत है।

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—
1. विकसित राजस्थान @2047 के अंतर्गत ऊर्जा संक्रमण के लिए 31,500 MW से अधिक नवीकरणीय क्षमता स्थापित की गई है।
2. राजस्थान देश का पहला राज्य है जिसने Platform Based Gig Workers (Registration & Welfare) Act लागू किया।
3. कृषि 2.0 के अंतर्गत राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन का उद्देश्य राजस्थान को "Millet Bowl of India" के रूप में विकसित करना है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—
कथन (Assertion-A): राजस्थान सरकार ने "विकसित राजस्थान @2047" के अंतर्गत बहुआयामी गरीबी समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
कारण (Reason-R): क्योंकि सरकार का उद्देश्य वर्ष 2047 तक शत-प्रतिशत वित्तीय समावेशन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-कृषि रोजगार के अवसरों का विस्तार करना है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—
(a) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।
(b) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता।
(c) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।
(d) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—
1. राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2025-26 में पहली बार ₹2 लाख से अधिक हो गई।
2. राजस्थान का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) 2025-26 में प्रचलित कीमतों पर ₹18.75 लाख करोड़ अनुमानित है।
3. पश्चिमी एवं जनजातीय दक्षिणी राजस्थान में गरीबी का घनत्व शहरी क्षेत्रों की तुलना में कम है।
4. राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2025-26 की पहली प्रमुख थीम "जन कल्याण और सामाजिक सशक्तिकरण" है।
सही विकल्प चुनिए—
(a) केवल 1, 2 और 4 सत्य हैं। (b) केवल 2 और 3 सत्य हैं।
(c) केवल 1 और 3 सत्य हैं। (d) उपर्युक्त सभी

व्याख्या सहित उत्तर

1. [a]
व्याख्या:-
◈ राजस्थान की लगभग 62% जनसंख्या कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों पर निर्भर है तथा 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन लगभग 267.67 लाख टन रहा। धान नहीं, बल्कि बाजरा प्रमुख खाद्यान्न फसल है।

2. [c]
व्याख्या:-
◈ राजस्थान चूना पत्थर, जस्ता तथा सीसा उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। खनन क्षेत्र राज्य के GSDP, रोजगार, निर्यात तथा औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

3. [a]
व्याख्या:-
◈ कृषि पर 62% जनसंख्या निर्भर है, पर्यटन में लगभग 23 करोड़ घरेलू पर्यटक आए, सौर क्षमता 22,676 MW तथा औद्योगिक सूचकांक 157.31 दर्ज किया गया।

4. [a]
व्याख्या:-
◈ राजस्थान की कृषि मुख्यतः मानसूनी वर्षा पर आधारित है। वर्षा की अनिश्चितता के कारण उत्पादन में प्रतिवर्ष उतार-चढ़ाव होता है, इसलिए कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

5. [a]
व्याख्या:-
◈ राज्य का लगभग 61% क्षेत्र सूखा प्रभावित तथा लगभग 60% क्षेत्र भूजल संकट से प्रभावित है। संपूर्ण कृषि सिंचाई आधारित नहीं, बल्कि वर्षा पर भी निर्भर है।

6. [c]
व्याख्या:-
◈ वर्ष 2024-25 में औद्योगिक विकास दर लगभग 5.77% रही। MSMEs को वित्त एवं तकनीक की कमी चुनौती है तथा कपड़ा, सीमेंट और हस्तशिल्प प्रमुख उद्योग हैं।

7. [c]
व्याख्या:-
◈ आर्थिक समीक्षा के अनुसार महिला साक्षरता लगभग 57.6% तथा शिशु मृत्यु दर 30 प्रति हजार जीवित जन्म है। दोनों आँकड़े राज्य की सामाजिक प्रगति को दर्शाते हैं।

8. [a]
व्याख्या:-
◈ जल संकट हेतु मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, रोजगार हेतु युवा संबल योजना, उद्योग हेतु RIPS तथा स्वास्थ्य हेतु निःशुल्क दवा एवं जांच योजना संचालित हैं।

9. [a]
व्याख्या:-
◈ राजस्थान में उच्च सौर विकिरण एवं अनुकूल पवन परिस्थितियाँ उपलब्ध हैं। इसी कारण नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र का तीव्र विस्तार हुआ है और राज्य राष्ट्रीय अग्रणी बना है।

10. [b]
व्याख्या:-
◈ पर्यटन अवसंरचना एवं नई नीतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा आधुनिक उद्योगों के लिए कौशल विकास आवश्यक है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था केवल उद्योग आधारित नहीं है।

11. [a]
व्याख्या:-
◈ राजस्व प्राप्तियों से सरकार पर ऋण दायित्व उत्पन्न नहीं होता। पूंजीगत प्राप्तियों में ऋणों की वसूली एवं विनिवेश शामिल हैं। SGST कर राजस्व का स्रोत है, गैर-कर राजस्व का नहीं।

12. [b]
व्याख्या:-
◈ राजस्व व्यय से नई परिसंपत्ति का निर्माण नहीं होता, जबकि सड़क, पुल, भवन एवं सिंचाई परियोजनाओं पर किया गया व्यय पूंजीगत व्यय की श्रेणी में आता है।

13. [a]
व्याख्या:-
◈ राजस्व घाटा तब होता है जब राजस्व व्यय राजस्व प्राप्तियों से अधिक हो। प्राथमिक घाटा = राजकोषीय घाटा – ब्याज भुगतान तथा पूंजीगत व्यय से परिसंपत्तियाँ बनती हैं।

14. [a]
व्याख्या:-
◈ FRBM अधिनियम का उद्देश्य वित्तीय अनुशासन, ऋण नियंत्रण एवं राजकोषीय घाटे को सीमित रखना है। राजस्थान सरकार बजट निर्माण में इन प्रावधानों का पालन करती है।

15. [d]
व्याख्या:-
◈ राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2025–26 पहली बार 13 विषयगत अध्यायों में प्रकाशित हुई तथा सेवा क्षेत्र का GSVA में योगदान लगभग 47.7% दर्ज किया गया।

16. [b]
व्याख्या:-
◈ राजस्थान बजट 2026–27 का कुल आकार लगभग ₹6.11 लाख करोड़ है तथा राजकोषीय घाटा GSDP का 3.69% अनुमानित है। प्राथमिक घाटे का आंकड़ा गलत दिया गया है।

17. [c]
व्याख्या:-
◈ Raj-AIMS AI आधारित कृषि मिशन तथा Raj-GIFT GI टैग एवं विपणन विस्तार से संबंधित है। RAJ-SURAKSHA एवं Raj-MAMTA के उद्देश्य प्रश्न में गलत जोड़े गए हैं।

18. [b]
व्याख्या:-
◈ भारत एवं राजस्थान में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है। राज्य का बजट राज्यपाल नहीं, बल्कि वित्त मंत्री विधानसभा में प्रस्तुत करते हैं।

19. [c]
व्याख्या:-
◈ आर्थिक समीक्षा 2025–26 के अनुसार राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय प्रचलित कीमतों पर ₹2,02,349 पहुँच गई, जो पहली बार ₹2 लाख से अधिक होने का प्रमाण है।

20. [d]
व्याख्या:-
◈ विकसित राजस्थान @2047 के अंतर्गत 31,500 MW से अधिक नवीकरणीय क्षमता, गिग वर्कर्स कल्याण कानून तथा 'Millet Bowl of India' लक्ष्य जैसी प्रमुख पहलें शामिल हैं।

21. [a]
व्याख्या:-
◈ विकसित राजस्थान @2047 का लक्ष्य बहुआयामी गरीबी समाप्त करना है। वित्तीय समावेशन एवं ग्रामीण गैर-कृषि रोजगार का विस्तार इसी लक्ष्य की प्राप्ति का महत्वपूर्ण आधार है।

22. [a]
व्याख्या:-
◈ प्रति व्यक्ति आय ₹2 लाख से अधिक तथा GSDP ₹18.75 लाख करोड़ अनुमानित है। पहली थीम 'जन कल्याण और सामाजिक सशक्तिकरण' है, जबकि गरीबी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है।

♦♦♦♦

विज्ञापन

अब सरकारी अफसर बनने की राह हुई और भी आसान।

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर



RAS

PRELIMS 2026

मरुधर RAS BATCH

LIVE FROM CLASSROOM AND RECORDED BATCH

OFFLINE नए बैच प्रारंभ

Scan to Download Lakshya App Now

Google play

व्याख्यात्मक हल लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

MRP : ₹ 140

राजस्थान की अनुभवी टीम, अब एक ही प्लेटफार्म पर

S.No.AP0143 CODE : APDO(35) NRT

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

लक्ष्य क्लासेज™

M. 9079798005, 6376491126

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur